an>

Title: Regarding Provision of Funds for the Youth of Bihar under 'Skill India Mission'

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप के द्वारा शुरू किए गए 'स्किल इंडिया' मिशन की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ ।

'स्किल इंडिया' मिशन के माध्यम से मंत्रालय ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना शुरू की है, जिससे देश के युवाओं को स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग दी जाएगी । इस ट्रेनिंग के दो कम्पोनेंट हैं- शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग और रिकोग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग । इसके माध्यम से रोजगार की व्यवस्था होती है । अभी तक बिहार में 81,285 युवाओं को एवं मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में 2,117 युवाओं को इसके माध्यम से नौकरियाँ मिल चुकी हैं ।

बिहार को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से 128.65 करोड़ रुपए का आवंटन हुआ है, जिसमें से मात्र 36.82 करोड़ रुपए ही रिलीज किए गए हैं ।

माननीय सभापति : जिनको बातचीत करनी हो, कृपया वे बाहर चले जाएं ।

डॉ. आलोक कुमार सुमन : अत: मैं स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप मिनिस्ट्री के माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि बिहार की बकाया राशि शीघ्रातिशीघ्र दी जाए ताकि पूरे बिहार के साथ मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के युवाओं को स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग के माध्यम से रोजगार के अवसर मिल सकें ।